हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** घर घुसकर मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। प्रार्थी भूपेंद्र शर्मा पिता रमेश शर्मा (42 साल) निवासी इमलीभाठा ने पुलिस को बताया कि आरोपी चंदन साहू एवं क्षत्रपाल साहू वार्ड नं. 15 महामायापारा ने उसके घर घुसकर गाली गलौज करते हुए हाकी स्टिक से मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 452, 34 के तहत अपराध कायम कर लिया गया है।

### घर बाड़ी से महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** महासमुंद पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर एक बार फिर कार्रवाई करते हुए मुखबिर के सुचना के आधार पर ग्राम परसदा(ख) कीर्तिराम दीवान पिता स्व. दाऊलाल दीवान 28 साल के घर मे छापा मारकर बाड़ी मे रखे अवैध महुआ शराब 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए एवं उसके पास रखे बिक्री रकम 950 रुपए को बरामद किया है। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस हिरासत में लेकर कार्रवाई किया गया है।

### अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पोटरपारा वार्ड 14 के कमल यादव पिता सुदर्शन यादव (45 साल) को मंडीपारा से महुआ शराब की अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

## आयोजन: नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब

# विधायक की आभार रैली, घोड़ारी से महासमुंद तक जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का गुरुवार को शहर में आभार रैली निकली। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता द्वारा ग्राम घोड़ारी से लेकर बरौंडा चौक तक विधायक सिन्हा का जगह-जगह स्वागत भव्य स्वागत हुआ। स्वागत की तैयारियों को लेकर पूरा शहर पहल से ही बैनर पोस्टर से सजा हुआ था वहीं पूरा माहौल भगवामय नजर आया। दोपहर से शुरू हुई रैली में शाम तक पंथी नृत्य, राऊत नाचा के साथ ही डीजे की धुन में लोग थिरकते रहे। मुख्यमार्ग में स्वागत के दौरान जमकर आतिशबाजी हुई। विधायक सिंहा खुले वाहन में सामने और जिला भाजपा के वरिष्ठजन साथ नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर चुनाव में भारी समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचे।

बता दें कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में महासमुंद विधानसभा से भाजपा के योगेश्वर राजू सिंहा जीते। योगेश्वर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की डॉ. रश्मि चंद्राकर को 16,152 मतों से हराया। बीते 3 दिसंबर को चुनाव का परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री और केबिनेट मंत्री की घोषणा लंबित रहने के कारण महासमुंद क्षेत्रवासी अपने विधायक का स्वागत करने का इंतजार कर रहे थे। गुरूवार को भाजपा द्वारा शहर में आभार रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत ग्राम नदी चौक घोड़ारी से शुरू हुई, जहां पर ग्रामीणों द्वारा नवनिर्वाचित विधायक का भव्य स्वागत किया गया। रैली जैसे- जैसे आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे लोगो का हुजुम उमड़ता गया। रैली में खुली जीप में विधायक योगेश्वर सिन्हा के साथ पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल पाली, ग्रामीण अध्यक्ष श्याम साकरकर, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, जितेंद्र साहू नागरिकों और कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए सभी का आभार व्यक्त कर किए। नदी मोड़ से युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के बाइक रैली के साथ महासमुंद की तरफ बढ़ने पर बेलसोंडा ग्राम पंचायत के सरपंच भामिनि चंद्राकर के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने विधायक का फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। रैली में शामिल भाजपा, युवा मोर्चा, महिला महिला मोर्चा के गगनभेदी नारों के साथ आभार रैली का त्रिमूर्ति कालोनी, चीमा ट्रांसपोर्ट, एलआईसी ऑफिस, तिवारी बिल्डिंग, विनोद मेडिकल, विठोबा टाकीज, सुमित सेल, अंबेडकर चौक, बग्गा स्टोर्स, स्वामी चौक, नेहरू चौक, नगर पालिका, जनपद कार्यालय, कचहरी चौक, पटवारी क्वार्टर, किलकारी गार्डन, बरोड़ा चौक, शास्त्री चौक, विशाल मेगा मार्ट और भाजपा कार्यालय पहुंचने तक जगह-जगह भव्य अभिनंदन किया गया।



### यह रहे रैली में शामिल

आभार रैली में प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक चंद्रहास चन्द्राकर, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर, चुनाव संचालक संदीप दीवान, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, एतराम साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, जितेंद्र साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ से देवेंद्र चंद्राकर, अमन वर्मा, खुशाल ठाकुर, पूर्व सभापति विनोद रात्रे, गिरधर यद्डु, पार्षद मंगेश टांकसाले, नंदु जलक्षत्री, आनंद गिरी, सहित भाजपा, मोर्चा प्रकोष्ठ, बूथ समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता और पार्षदगण जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।



### कार्यकर्ताओं और जनता को समर्पित की जीत

जिला भाजपा कार्यालय में रैली के पहुंचने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपनी जीत को कार्यकर्ताओं और जनता को समर्पित करते हुए विधासभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों, जिला, मण्डल मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं, बूथ समिति के सदस्यों सहित सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं और नागरिकों, मतदाताओं का आभार माना। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए मुझे जनसमर्थन देकर विधानसभा में भेजा है, मैं पूरी निष्ठा से जनहित के लिए समर्पित रहूंगा।

## नवनिर्वाचित विधायकों का कांग्रेस भवन में सम्मान



**महासमुंद।** नवनिर्वाचित विधायक द्वय द्वारिकाधीश यादव व श्रीमती चातुरीनंद का सम्मान किया गया। कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर एवं जिले के समस्त अध्यक्षों, सदस्यों ने स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर डॉ चंद्राकर ने अपनी हार के लिये अफसोस जताया लेकिन जिले से विधानसभा में मिली जीत पर खुशी जाहिर करते हुए विधायकगणों का सम्मान किया। सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि हम जिले की चार में से दो विधानसभा में विजयी हुए हैं चुनाव हारने पर बहुत सारे सवालों का जवाब देना पड़ता है। जीतने पर कारण नहीं गिनाए जाते लेकिन खल्लारी विधायक के लगातार दूसरी बार विजयी होने पर सभी ने खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर एवं मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर डॉ रश्मि चंद्राकर के जिलाध्यक्ष पद पर सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित प्रभारी दिनेश यद्डु,पंकज मिश्रा, नरेंद्र सेन व जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी ने स्वागत किया और कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन में संगठन मजबूत हुआ है एवं जिले में हमें भाजपा से लगभग साढ़े चार प्रतिशत वोट अधिक मिले हैं जिसका श्रेय जिला कांग्रेस कमेटी के साथ समस्त कांग्रेसजनों को जाता है। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल,ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, भूपेन्द ठाकुर,रवि शंकर कश्यप, संतोष पटेल, रामनारायण आदित्य, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग,जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल,वनोपज अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, सत्यभामा नाग,सुनील शर्मा, सोमेश दवे, हरबंश सिंह ढिल्लो, बादल मक्कड़, शाहबाज रजवानी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमारी महामंत्री संजय शर्मा ने व आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया।

### पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



**खबर संक्षेप**

## वीर बाल दिवस पर आशीबाई स्कूल में हुई विचार गोष्ठी

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य जीआर सिन्हा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत की याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। छात्रा रीतिका कौर ने सिख धर्म के सभी गुरुओं के नामों का उल्लेख करते हुए बताया कि जोरावर सिंह और फतेह सिंह द्वारा अपना धर्म परिवर्तन नहीं करने के कारण आततायियों ने उन्हें जिंदा ही दीवार में चुनवा दिया था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने कहा कि भारत सदैव ही वीरों की भूमि रही है, जहां अनेक महापुरुषों ने देश, धर्म और आत्म सम्मान की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दिया है। इस अवसर पर विवेक रहटगांवकर, आशीष देवांगन और खोमन चंद्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवी तांडी, प्रतिभा गोस्वामी, ममता साहू, कुमकुम ठाकुर, खुशबू यादव, मनीषा ठाकुर का विरोध सहयोग रहा।

## स्वयंसेवकों को कृषि, उद्यानिकी व बागवानी की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको द्वारा ग्राम रूमेकेल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस बौद्धिक परिचर्चा सत्र के दौरान बौद्धिक प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित विजय देवांगन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड व जिला महासमुंद द्वारा स्वयंसेवकों को कृषि, उद्यानिकी व बागवानी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने स्वयं सेवकों को कृषि से संबंधित शासकीय योजनाओं, बीजों के प्रकार से स्वयं सेवकों को अवगत कराया। प्रभारी प्राचार्य एचएल दीवान ने कृषि के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने कृषि का रोजगार के अन्य क्षेत्रों से संबंध पर प्रकाश डाला। शिविर में पंचम दिवस ग्रामीणजनों एवं 51 स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेवा से चिकित्सक विवेक पटेल के निर्देशन में लोकेश्वर गजेंद्र प्रयोगशाला तकनीशियन पटेवा, रोशन साहू स्टाफ नर्स पटेवा, हेम कुमारी ध्रुव, उपस्वास्थ्य केंद्र रायतुम ने परीक्षण किया। इस अवसर पर जवाहरलाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति चिरको, महाविद्यालय से फलेश दीवान आदि मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस मनाया, ध्वजारोहण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 138वां स्थापना दिवस पर महासमुंद कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारजनों से ध्वजारोहण करवाया गया। पश्चात राष्ट्रगीत का गायन हुआ। तत्पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का सम्मान किया गया। कांग्रेस की स्थापना से लेकर अब तक इस दिन को धूमधाम से मनाया जाता रहा है। देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी ने अपने नेताओं के सर्वोच्च बलिदान के पश्चात इस देश को आजादी दिलाई है और जब देश के पास सुई बनाने की क्षमता नहीं थी, तब भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू ने देश को अल्प संसाधनों के बावजूद भारत को तीसरी शक्ति बनाने में अपना जीवनपर्यंत तक कार्य करते और देश को विकासशील देश बनाने की जो नींव रखी गई थी और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाते हुए लोकतंत्र की नींव रखी गई, आज देश सबसे सफल लोकतंत्र देश देशों का नेतृत्वकर्ता है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कांग्रेस के समस्त प्रधानमंत्री ने अपनी अपनी भूमिका निभाई देश को मजबूत राष्ट्र बनाया, चाहे वह पंडित जवाहरलाल नेहरू, चाहे लाल बहादुर शास्त्री हो जो देश को और किसानों को मजबूत किया एवं जय जवान जय किसान का नारा लगाया। आयरन लेडी इंदिरा गांधी जिन्होंने परमाणु विस्फोट कर विश्व को बताया कि भारत एक महान शक्ति बढ़ाने जा रही है और पाकिस्तान जैसे देश को दो टुकड़े में बांटकर बंगलादेश का निर्माण कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

भारत को आधुनिक भारत बनाने एवं कंप्यूटर युग लाने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश की सेवा की। पीवी नरसिम्हा राव ने देश को एक महान आर्थिक शक्ति बनाने की भूमिका निभाई।

डॉ मनमोहन सिंह ने भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाकर आर्थिक मजबूती प्रदान की। कांग्रेस पार्टी के समस्त प्रधानमंत्री द्वारा इस देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया गया और आज भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश के लोकतंत्र को बचाने में अपना कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। ध्वजारोहण के बाद मिष्ठान वितरण किया।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व विधायक संसदीय सचिव मकसूदन लाल चंद्राकर, शहर अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष खिलावन बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हरबंस सिंह ढिल्लो, संयुक्त सचिव सोमेश दवे, प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, पार्षद अमन चंद्राकर, निखिलकांत साहू, राजेश नेताम, पूर्व अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, राजू साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, प्रकाश राव साकरकर, अनवर हुसैन, सुनील चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, नीतेंद्र बैनर्जी, संजय शर्मा, निर्मल जैन, मोती साहू, लीलू साहू, सन्नी महानंद, आशीष साहू, सुरेंद्र ठाकुर, अब्दुल जावेद, सोनम रामटेके, अब्दुल जावेद, तुलसी देवदास, रवि ठाकुर, योगेश भाई आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में जिले को मिला तीसरा स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

23वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का आयोजन कोरबा में 25 से 27 दिसंबर हुआ।

प्रतियोगिता में राज्य की पुरुष टीम 18 जिला व बालिका वर्ग से 12 जिलों की टीम शामिल हुई। प्रतियोगिता के माध्यम से 69वीं सीनियर राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता जो कि गढ़चिरौली, महाराष्ट्र में 6 से 10 जनवरी तक आयोजित की जाएगी उसमें भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ बाल बैडमिंटन सीनियर पुरुष एवं महिला टीम का चयन किया गया।

विजेता खिलाड़ियों को लखन लाल देवांगन कैबिनेट मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंकित ने बताया कि जिले की सीनियर पुरूष टीम में लोकेश साहू, अविनाश कुशवाहा, प्रभात सेठ, भूषण साहू, मुरली राज पुरोहित, मेहुल चंद्राकर, सुदर्शन दुबे, केशव शामिल हुए, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महासमुंद ने तीसरे स्थान के लिए गरियाबंद को 35-23, 35-24 से हराया व अच्छा प्रदर्शन कर जिले के लिए मेडल जीतने में कामयाब हुए।

# एक किलो गांजा जब्त कोचिया जेल दाखिल

**आरोपी फेरी लगाकर गांव-गांव में गांजा बेचाता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चिल्हाटी और आसपास कई गाँव के युवाओं को गांजा की सप्लाई करने वाले गांजा कोचियों को एक किलों गांजा के साथ दबोचने में कोरर पुलिस को सफलता मिली है। गांजा कोचिया से जप्त गाँजा की कीमत लगभग 10 हजार रूपएं होगी। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

जानकारी के अनुसार कोरर पुलिस को जानकारी मिली कि चिल्हाटी निवासी 28 वर्षीय डोमेंद्र गोटा पिता स्व. पुरूषोत्तम गोटा अपने घर में रखकर अवैध मादक पदार्थ को बिक्री करता है। कोरर पुलिस ने तस्दीक किया और गांजा कोचिया डोमेंद्र गोटा के घर में दबिश दिया और तलाशी लेने पर आरोपी के बेडरूम में दीवान के एक लायलोन के थैले में एक सफेद झिल्ली गांजा रखा हुआ मिला। आरोपी के कब्जे से 1 किलो गांजा, जिसकी कीमत 10 हजार रूपएं को जप्त किया गया।

## पत्रकारिता में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए पत्रकार नीरज गजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों की पत्रकारिता के लिए वरिष्ठ पत्रकार नीरज गजेंद्र को डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। इंटरनेशनल इंटर्नशिप यूनिवर्सिटी की ओर से यह उपाधि नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में विश्वव्यापी शिक्षा नीतियों के मूल्यांकन के लिए आयोजित विश्व शिक्षा व उद्यमिता शिखर सम्मेलन में प्रदान किया गया।

# वीर बाल दिवस पर मुख्यमंत्री साय ने खल्लारी की छाया को किया सम्मानित



**महासमुंद।** रायपुर स्थित पहुना राज्य अतिथि गृह परिसर में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने वीरता सम्मान के क्षेत्र में अदम्य साहस एवं वीरतापूर्ण कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खल्लारी के वार्ड क्रमांक 14 की स्टेशन पारा निवासी छाया विश्वकर्मा को साहिबजादे जुझार सिंग वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी (रायपुर) ने छाया विश्वकर्मा को पांच हजार एक सौ रुपये की नगद राशि के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 50 हजार देने की भी घोषणा की।

बता दें कि बुधवार 14 सितंबर 2022 को स्टेशन पारा खल्लारी के 15 वर्षीय बालिका छाया विश्वकर्मा की बड़ी बहन संजू विश्वकर्मा सुबह अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। तभी एक पागल कुत्ते ने बड़ी बहन संजू विश्वकर्मा पर हमला कर बुरी तरह से काटना शुरू कर दिया था। छाया विश्वकर्मा ने अपने सूझबूझ से पागल कुत्ते को डंडे और पत्थर से मार कर भगाने में सफल रही। इस घटना को खल्लारी के सामाजिक कार्यकर्ता तारेश साहू ने प्रमुखता से उठाया और शासन-प्रशासन तक पूरी घटनाक्रम को अखबार एवं आवेदनों के माध्यम से पहुंचाया था। इसके चयन प्रक्रिया में कार्रवाई के आधार पर पर्यावरण सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही का भी विशेष मार्गदर्शन मिले। जिसके आधार 2022 - 23 में राज्य वीरता पुरस्कार के लिए छाया विश्वकर्मा का चयन हुआ था। वहीं चयन बाद गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 में भी राज्य वीरता पुरस्कार से छग के राज्यपाल ने छाया विश्वकर्मा को सम्मानित किया था। इसके पहले वायएमएस यूथ फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब रायपुर नॉर्थ से भी उन्हें एक कार्यक्रम के दौरान दिसंबर 2022 में सम्मान मिला था। साथ ही राज्य वीरता पुरस्कार को लेकर जनवरी 2023 में जब छाया विश्वकर्मा का चयन हुआ था। उस समय भी बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने मुंह मीठा कर सम्मानित किया गया था।

# कांग्रेस पार्टी की स्थापना के 138 साल पूर्ण होने पर दिया आर्थिक सहयोग: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी की रीति नीति पर चर्चा की। और पार्टी द्वारा शुरू किए गए सहयोग कैंप के लिए कम से कम 138 लोगों द्वारा आर्थिक सहयोग का लक्ष्य निर्धारित किया। इसकी शुरुआत करते हुए अंकित बागबाहरा, फिरोज मेमन, कोमल साहू, जितेंद्र क्षत्री, राजेश राजपूत, सोहैल मेमन, वीरेंद्र शुक्ला, सनी केशरवानी, राहुल अग्रवाल, तारेश साहू, इंद्रा चौहान, टेकराम कुलदीप, वाजिद खान ने 1380 रुपये से लेकर 138 रुपये का सहयोग किया। अंकित ने कहा कि भले ही राज्य में हमारी सरकार नही बन पाई। परंतु, हम अथक प्रयास से खल्लारी विधानसभा जीते। और आगामी 5 साल हम सब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लगातार जनहित व किसान, मजदूर हित में लड़ाई लड़ते रहना है। वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा किए गए वादों को सरकार पूरा करें। इसके लिए दबाव बनाए रखना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा, राजेश राजपूत जिला संयुक्त महामंत्री, तारेश साहू, वीरेंद्र शुक्ला प्रदेश सचिव आईटी सेल, किशन निर्मलकर, इंद्रा चौहान, राजा कोहली, योगेश साहू, सुनील व्यवहार, सोनू सहिस, प्राण दास टंडन, नेतराम यादव, कृष्णा यादव, जागेश्वर ठाकुर युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव, कोमल साहू युवा कांग्रेस सचिव, जितेंद्र क्षत्री आदि उपस्थित रहे।

# सरायपाली में उप जेल की मंजूरी दिए जाने की मांग

**सरायपाली।** सामाजिक कार्यकर्ता इमरान मेमन ने नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का ध्यान आकर्षित करते हुए सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में उप जेल की मंजूरी दिए जाने की मांग की है। मेमन ने मांग करते हुए कहा है कि वर्तमान में सरायपाली व बसना के अपराधियों को 110 किलोमीटर दूर महासमुंद जिला जेल में बंदी बना कर रखा जाता है। अपराधियों को पेशी तारीख में महासमुंद जेल से लाया जाता है। और कैदियों के परिवार, परिचित लोगों को दूर महासमुंद जिला मिलने जाना पड़ता है। सरायपाली क्षेत्र में एक उप जेल का निर्माण होने से जिला जेल में बंद बंदियों की संख्या कम हो जाएगी और व्यवस्था में काफी हद तक सुधार आएगी। उप जेल की व्यवस्था होने से शासन प्रशासन को भी कैदियों की सुरक्षा, स्वास्थ, रख रखाव की जिम्मेदारी अच्छे ढंग से हो सकेगी। सामाजिक कार्यकर्ता इमरान मेमन ने कहा है कि आगामी दिनों में उप जेल के लिए मांग पत्र नए मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा।

# मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताने गांवों में पहुंच रही रश्मि

**महासमुंद।** विधानसभा चुनाव में पराजित होकर भी डॉ रश्मि चंद्राकर लगातार अपने क्षेत्र के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का सभी जोन और सेक्टर में सघन दौरा कर आभार व्यक्त करने पहुंच रही है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र तुमगांव जोन की बैठक में महासमुंद विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी रही डॉ रश्मि चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि भले ही मैं चुनाव हार गई हूं, लेकिन आप सभी लोग निराश न हो, मैं जब तक रहूंगी दिन-रात आपकी सेवा में तत्पर रहूंगी। चुनाव में मिली हार के बाद कार्यकर्ताओं में निराशा है, लोकसभा चुनाव नजदीक है। जिसके चलते पार्टी कार्यकर्ताओं को एक बार फिर एकजुट लाने का संकल्प लिया जाना है।



लेकिन, हार के बाद फैली निराशा को दूर करना जरूरी है, जिसके लिए महासमुंद जिले के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव के लिए नया जोश फूंका जाना जरूरी है।

इस अवसर पर ढेलू निषाद अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासमुंद ग्रामीण, अमर अरुण चंद्राकर जोन प्रभारी, रमाकांत ध्रुव सेक्टर प्रभारी, पुनाराम घृतलहरे, मोहन यादव, संतोष धीवर, डिगेश्वर सत्यम, सतीश सोनकर, अरुण चंद्राकर, सुनील शर्मा, कपिल साहू, अमर चंद्राकर, गौतम सिन्हा, हर्ष शर्मा, शिव यादव, शिव कुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, विजय बंधे, गजेंद्र साहू, शैलेंद्र सेन, रामकिशोर अहिरवार, विक्की, राम ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक है एनएसएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




सागरपाली ग्राम बांसुलीडीह में दुर्गा उच्चतर विद्यालय लंबर का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संचालित हो रहा है। शिविर के छठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका अनिता चौधरी पटेल सम्मिलित हुई। अध्यक्षता प्राचार्य एवं सिविल संयोजक जीपी पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि दशरथी यदु संयोजक अखिल भारतीय यादव समाज, पीके जायसवाल, उस्ताद अली एवं रामकुमार मैत्री रहे।

समाज सेविका द्वारा अपने संबोधन में कहा कि शिविर में हमें समृद्धि, सद्गुणता, और समर्पण के साथ मिलकर काम करने का अवसर है। हम जानते हैं कि हमारी सेवाएं केवल इस क्षण में ही सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि इनका प्रभाव हमारे चरित्र और समाज के दृष्टिकोण में सदैव बना रहेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना हमें एक-दूसरे के साथ मिलकर समृद्धि और समृद्धि की दिशा में काम करने का मौका प्रदान करती है। हमारी सेवाएं न केवल हमें स्वयं को समर्पित बनाती हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होती हैं। मंच एवं शिविर के संचालक आरके पटेल द्वारा के निर्देशन में शिविर के छात्र-छात्राओं ने बहुत मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। शिविर में लगभग 100 की संख्या में स्वयं सेवक शामिल है। जबकि लगभग 200 की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष युवक युवतियां एवं बच्चे उपस्थित थे। एक बहुत सफल आयोजन बांसुलीडीह में किया गया।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने किया नवनिर्वाचित विधायक का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन

- फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन एवं सह संयोजक रेखराज शर्मा के नेतृत्व में हुआ अभिनंदन

महासमुंद द्वारा नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से सौजन्य भेंट करते हुए अभिनंदन किया गया। अभिनंदन करते हुए जिला संयोजक टेकराम सेन ने कहा कि प्रदेश में नई सरकार से कर्मचारी अधिकारियों को बड़ी अपेक्षाएं है। उन्होंने कहा कि हम किसानों को दी गई दो वर्षों के बकाया बोनस का स्वागत करते हैं क्योंकि हम सभी किसान पुत्र है, इसी प्रकार कर्मचारी अधिकारियों का गत 4 वर्षों का डीए एरियर्स लंबित है एवं वर्तमान में 4 प्रतिशत डीए निर्वाचन के पश्चात भी आदेश जारी नहीं हुआ है। प्रदेश के कर्मचारियों को कभी महंगाई भत्ता के लिए हाथ फैलाना न पड़े ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए। इसी तारतम्य में फेडरेशन के मार्गदर्शक प्रमोद तिवारी एवं सहसंयोजक रेखराज शर्मा ने कर्मचारी अधिकारियों की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि



कर्मचारी अधिकारी शासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए राष्ट्र की प्रगति में अपना सर्वस्व प्रदान करता है। अतः कर्मचारियों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। फेडरेशन का अभिनंदन स्वीकार करते हुए सभी संगठनों के पदाधिकारियों के प्रति आभार माना।

उन्होंने कहा कि मुझे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा किसी ने बनाया है तो कर्मचारी अधिकारियों के आशीर्वाद ने बनाया है। मैं सतत आपकी समस्याओं पर शासन प्रसासन का ध्यान आकृष्ट कराता रहूंगा। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी प्रदेश मंत्री छग शिक्षक संघ, रिखीराम साहू राज्य कर्मचारी संघ, अशोक गिरि गोस्वामी पेंशन कल्याण संघ, शिव साहू, ओमनारायण शर्मा, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ प्रमोद कन्नौजे व्याख्याता संघ, सिराज बख्श, ईश्वर चंद्राकर, अजय बंजारे प्रदेश सहायक शिक्षक फेडरेशन, राजेश शर्मा, रामकुमार साहू छग शिक्षक संघ, चेतन दीवान, दिलीप तिवारी, मुकेश नामदेव, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, शिव साहू, चंद्रभान साहू पटवारी संघ, नितेश वास्तव राजस्व निरीक्षक संघ, दीपक तिवारी स्वास्थ्य मैदानी कार्यकर्ता संघ, संदीप तिवारी, लिपिक वर्ग, कृपाराम सागर, अपाक्स, कमल यादव वन कर्मचारी संघ, होरी साहू, अनिल कोसरिया, राधेश्याम सोनी, आत्माराम साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुये कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से ओमनारायण शर्मा, ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि आगामी दिनों फेडरेशन का सम्मेलन आयोजित होगा।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बेमचा में हुई बैठक

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में राम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक हुई। जिसमें यह तय किया गया कि 1 जनवरी को बाजे गाजे, शंख ध्वनि के साथ अति उत्साहपूर्वक अयोध्या से आए मांगलिक अक्षत के साथ घर-घर आमंत्रण दिया जाएगा। साथ ही राम जन्म भूमि मंदिर का चित्र भी आमंत्रण स्वरूप दिया जाएगा। 2 जनवरी से प्रति दिन सायं 4 से 7 बजे साहड़ा देवता चौक से क्रमशः ग्राम के एक-एक मोहल्ले में भजन कीर्तन के साथ मोहल्ले में स्थापित मंदिरों में एकत्र होंगे। मोहल्लेवासियों को आमंत्रण स्वरूप गीत संगीत भजन कीर्तन तथा राम जय राम जय जय राम का विजय मंत्र जाप करते हुए आरती पूजा होगी। यह क्रम 22 जनवरी तक प्रतिदिन जारी रहेगा। इसमें मुख्य रूप से द्वारिका चंद्राकर, भरत लाल चंद्राकर, भगत गुरुजी, रामलाल चंद्राकर रविकांत चंद्राकर, धनेश चंद्राकर, राजेंद्र राव धाड़गे, तुलसी चंद्राकर, नरोत्तम साहू, रामपाहार निषाद, ईश्वर चंद्रवंशी, मनोज कहार, चेतन चंद्राकर, छन्नू साहू, रामकुमार साहू, रामधन निषाद, महिला मंडल एवं सामाजिकजनों का सहभागिता रही। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# जिले भर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा



**महासमुंद।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को देना है एवं उन्हें लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन निर्धारित रूट अनुसार ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महासमुंद जनपद पंचायत महासमुंद के ग्राम पंचायत जलकी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से केंद्र शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से सीधे संवाद करने के लिए उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जागृति यदु ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से पूरे भारत में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की है। इसके माध्यम से शासकीय योजना जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजना प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को सभी केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गये थे उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जलकी सरपंच रमेश कुमार चौधरी ने भी केंद्र सरकार की योजनाओं से जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम मोहड़ में सभी के घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंच रहा है। गांव में लगभग सभी के घरों में नल लग चुका है और सभी इसका लाभ ले रहे हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को आश्रय के लिए छत मिल पाया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांव के सभी घरों में शौचालय बना है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गांव में लाभ उठा रहे हैं। जिससे महिलाओं को धुआं से मुक्ति मिली है।

## गौरटेक में एनएसएस शिविर लोगों की सेहत जांच हुई

**बसना।** स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी /अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भूकेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम गौरटेक में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित है। शिविर के तृतीय दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर योग प्राणायाम करने के बाद परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम के गलियों व प्राथमिक शाला परिसर की साफ सफाई की गई। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में साईं डेंटल क्लिनिक बसना से डॉ संजय साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आदित्य शिवहरे, आरएचओ उपेंद्र प्रधान, वर्षारानी मलिक सीएचओ शिविर में उपस्थित रहे। लगभग 300 ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लिया।

**कलश यात्रा 31 को :** सरायपाली। आगामी 31 दिसंबर को सरायपाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 235 गांववासियों को अक्षत, कलश, निमंत्रण देने के लिए सभी गांव के एक–एक मुखिया को पूजित अक्षत कलश सौंपा जाएगा। इस मौके पर सुबह 9 बजे समस्त रामभक्तगण सरायपाली के तत्वावधान में नगर के दुर्गा मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आगामी 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा।

### नाम परिवर्तन की सूचना

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, महासमुन्द, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं प्रदीप कुमार साहू, उम्र 43 वर्ष, पिता श्री हरखराम साहू, जाति तेली, निवासी 182 (विमला कुंज) ईसाई मठ के पास इमली भाठा वार्ड नं. 23 महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. का निवासी हूं व सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक कथन करता कि मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं। पूर्व में मेरे नाम की स्पेलिंग Pradip Kumar Sahu थी जो मेरे कक्षा 10 वी की अंकसूची में दर्ज हैं।जिसे मैंने स्पेलिंग परिवर्तित कर Pradeep Kumar Sahu कर लिया है जो मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता व अन्य दस्तावेजो में दर्ज है। अब मेरे नाम की स्पेलिंग को समस्त शासकीय दस्तावेजों में Pradeep Kumar Sahu के नाम से जाना जाता है। मुझसे संबंधित जो भी पुराने दस्तावेजों मे नाम Pradip Kumar Sahu दर्ज रहा उसकी जगह में अब मेरे नाम की स्पेलिंग Pradeep Kumar Sahu दर्ज किए जाने बाबत यह शपथ पत्र ईश्तहार प्रकाशन हेतू प्रस्तुत कर रहा हूं।

**स्थानः महासमुंद**
**दिनांक : 26.12.2023**

नोटरी — शपथकर्ता

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ प्रदेश के श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के निर्देश पर महासमुंद जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी के मार्गदर्शन व सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय वन विभाग विश्राम गृह में श्रमजीवी पत्रकारों की बैठक हुई। जहां मुख्य रुप से श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पूरे प्रदेश में नवीन पत्रकारों को जोड़ने का कार्य संघ द्वारा प्रमुखता से किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय व अंचल के पत्रकारों को सदस्यता अभियान में जोड़ा जा रहा है। जिसमें छतीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में किए गए कार्यों से अवगत कराया गया। बैठक में आगामी आने वाले समय पर प्रदेश व जिला स्तरीय बैठक की रुपरेखा भी बनाई गई। बैठक में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महासचिव जनाब खान, सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता, सचिव रणवीर मेश्राम, उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार भगवान दास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह, विधिक सलाहकार संतोष ठाकुर, मीडिया प्रभारी शिवा निषाद, शेखर पाणिग्राही, माधव दास, जसपाल सिंह, गालिब हुसैन, नरेश गुप्ता, दीपक मखीजा, हरिहर नेपाक, जालंधर चौहान, चंद्रकार राणा, मिथलेश चौरसिया, अर्जुन मोंगरी, सर्जुन मोंगरी, विजय अग्रवाल, मोहन गुप्ता, परमानंद नायक सहित अंचल के सभी पत्रकार मौजूद रहे।

## राशि निकालने बैंक में लगी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान में सुबह से पास बुक जमा करने किसान पहुंचते रहे। बीते दिनों भाजपा सरकार ने 2014-15 एवं 2015-16 में बेचे गए धान की बोनस की राशि सीधे किसानों के खाते अंतरित की गई। इसके बाद राशि निकालने बैंक में किसानों की लंबी भीड़ रही।

## हसदेव अरण्य की कटाई को केंद्र ने दी थी स्वीकृति, भूपेश सरकार ने किया था निरस्त : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के उस कथन पर आपत्ति जताई है, जिसमें मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हसदेव में कटाई के आदेश पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दिए थे। जबकि, हकीकत यह है कि हसदेव पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृति केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तथा कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य स्तर पर निरस्त करते हुए केंद्र को भी इसे निरस्त करने पत्राचार किया था। चंद्राकर ने बताया कि 31.10.2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माईंस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने कहा था।



# खबर संक्षेप



## महासमुंद विधायक का किया गया स्वागत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के साईं मंदिर खरोरा में महासमुंद विधायक राजू योगेश्वर सिन्हा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमलेश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, सुखनंदन धीवर, मनोज चंद्राकर, संजय साहू, जय साहू, आशीष चंद्राकर, भानू चंद्राकर, रामप्रसाद चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, महेंद्र सूर्यवंशी, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



## नयागांव कबड्डी में खैरमाल की टीम विजेता

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम नयागांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा व अन्य जगहों से टीमों ने हिस्सा लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदीप साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि के तौर पर सरपंच दीपक साहू रहे। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदीप साहू ने कहा कि कबड्डी के खेल से शारीरिक मानसिक विकास होता है। हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खैरमाल को मिला, जिन्हे पुरस्कार में 5000 रुपए, द्वितीय जगदलपुर, तृतीय जलगढ़, चतुर्थ नयागांव को मिला। अतिथि ने सभी विजेता और उप विजेता को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में रूपानंद पटेल, सुमीत साहू कप्तान, लोकेश बीसी उपकप्तान, पंकज विश्वकर्मा, निवेश मटारी, भगवान मटारी सुरज मटारी, विक्कू प्रधान, पोयश, अमित विशाल, सुमीत भोई, रिंकेश बारीक, रोहन बारीक, रोहन बारीक, प्रहलाद यादव, सुशील मटारी, सुदाम मटारी, बलराम मटारी के साथ अन्य मौजूद रहे।

## आज 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** केंद्र शासन की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हुए विकास कार्यों को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 29 दिसंबर को जिले की 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी।
विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनपद पंचायत महासमंद में 29 दिसंबर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत कौंवाझर और कौंदकेरा में सुबह 10 बजे एवं मालीडीह और लोहारडीह में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत शिकारीपाली और छुईहा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत कौंसरा और तुपकाबोरा में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत गड़बेड़ा और सोनासिल्ली में प्रातः 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत कसहीबाहरा और लामीडीह में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत देवरी में 10 बजे से एवं चिमरकेल में 2 बजे तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत नवागढ़ और बिरकोल में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत दर्राभाठा और बोड़ेसरा में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रसारित किया जाएगा। ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया जाएगा। वर्ष-2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया जाएगा। यात्रा के दौरान केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी की थीम पर अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को प्रोत्साहित करने माटी कहे पुकार के की थीम पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# कायतपाली में ईशर-गवरा विवाह महोत्सव, नशामुक्त और आदर्श समाज का भी दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आदिवासी समाज में अनेक प्रकार की प्राचीन परंपराएं विद्यमान है, जिनके पालन और संरक्षण के लिए निरंतर कोशिश हो रही है। इसी श्रृंखला में बसना विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कायतपाली गांव में आदिवासी समाज ने ईशर गवरा विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सुख समृद्धि कल्याण के साथ-साथ अपनी परंपराओं से जुड़े रहने और नई पीढ़ी को इनके महत्व की जानकारी देना ही कार्यक्रम का सबसे प्रमुख उद्देश्य था। मूल रूप से वैवाहिक कार्यक्रम से दो दिवस पूर्व होने वाले इस आयोजन को एक तरह से नेग की संज्ञा दी गई है, जिसमें प्रचलित परंपराओं की पूर्ति की जाती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज की महिलाएं साड़ी और पुरुष धोती कुर्ता में शामिल हुए। जामुन और महुआ के वैवाहिक मंडप के साथ-साथ परंपरागत रूप से बांस के स्वागत द्वार बनाए गए। 24 दिसंबर को ईशर गवरा की शुरूआत हुई। नशामुक्त और आदर्श समाज की स्थापना के साथ प्रकृति संरक्षण की भावना से किए गए कार्यक्रम के अंतर्गत कई सोपान पर काम हुए। रीति नीति के तहत समधियों के यहां ईशर राजा (महादेव) व माता गवरा के विवाह की तैयारी की गई। वधु पक्ष के यहां



तेल, माटी, हल्दी के कार्यक्रम हुए। समाज की मान्य परंपरा के अंतर्गत वर पक्ष ने प्राचीन काल में ईशर राजा व माता गवरा के विवाह की यादों को ताजा कर विविध वेशभूषा में बारात रवाना हुई। नियमानुसार बारात के अगुवानी से लेकर कई लोकाचार निभाए गए। महिलाओं ने लोकगीत गाकर अपनी सक्रिय उपस्थिति महसूस कराई। रातभर चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोड़ समुदाय के कलाकारों और अखाड़ा पार्टी ने अपनी प्रस्तुति दी। ग्राम कायतपाली के समस्त ग्रामवासियों ने शत प्रतिशत सहभागिता दी।

25 दिसंबर को यात्रा के साथ ईशर महादेव माता गवरा, डंडई रानी का विसर्जन स्थानीय सरोवर में किया गया। इससे पहले संकल्प दोहराया गया कि आदिवासी समाज अपने सबसे अनूठी प्राचीन संस्कृति, परंपरा, गोड़ी धर्म संस्कृति पर हमेशा अभिमान करता रहेगा और उन सभी प्रयासों को हतोत्साहित करेगा, जो धर्मांतरण को बढ़ावा देने से जुड़े हुए है। इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में होने वाले विवाह में अपनी प्राचीन परंपराओं को निभाते रहेंगे। ईशर गवरा महोत्सव को सफल बनाने में गोड़ीं धर्म, संस्कृति सरक्षण समिति ज़िला इकाई के गुरुजी सुदर्शन सिंह ठाकुर के नेतृत्व और उनके सहयोगियों की सहभागिता रही। इसके अलावा ग्राम के बैगा मकरधवज सिदार, लगन साय जो गाँव के प्राचीन विधि विधान, सामाजिक नेग के महोत्सव को संपन्न कराया। महोत्सव को सफल बनाने में यमुना सिदार, हेमबाई सिदार, घनश्याम सिदार, सरवन सिदार, इंद्रसेन सिदार, माधव सेन सिदार, पदमा सिदार, दीपक जगत, जगदीश सिदार, उत्तरा सिदार, शंकर सिदार कायतपाली, ख़ुशबू ठाकुर, बिलासिनी सिदार, शिव नेताम लमकेनी की महत्व रहा।

## कार्रवाई : स्कूल की जमीन में मकान के नाम पर निर्माण

# कब्जायुक्त 8 दुकानों को हटाने का आदेश, 1 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा


शहर से लगे लाखागढ़ ग्राम के

- दो ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने लिया संज्ञान

स्कूल की जमीन पर सरपंच के भाई द्वारा बनाई गई 8 दुकानों को तहसीलदार पिथौरा द्वारा मकान बताकर बेजा कब्जा हटाने का आदेश पारित किया है। इसके अलावा 1000 रुपए का जुर्माना भी किया गया है। ग्राम लाखागढ़ की युवा समिति के पोमल कोसरिया एवं तारेश कोसरिया ने लाखागढ़ के पटवारी पर आरोप लगाया है कि उसने स्कूल की जमीन पर बन रही दुकानों को मकान बता कर सरपंच को बचाने का प्रयास किया है।

नगर से लगे ग्राम पंचायत लाखागढ़ में गड़बड़ी की परतें लगातार खुलती जा रही है। पूर्व में गौठान निर्माण में भारी गड़बड़ी की पुष्टि हो चुकी है और ग्राम के सरपंच सचिव के ऊपर रिकवरी निकाल कर राशि वसूलने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद ग्राम के युवाओं ने ग्राम के एक सरकारी स्कूल की बाउंड्री में ही बगैर शासन की अनुमति के ही 8 दुकानें बनाकर उन्हें बेचने का सौदा भी किया जा चुका था। परंतु, पोमल कोसरिया एवं तारेश कोसरिया द्वारा आपत्ति किए जाने पर दुकानों का कार्य रोक दिया गया था। इसके बाद तहसीलदार की अदालत में हुई सुनवाई में अपीलकर्ताओं की अपील पर सुनवाई के पश्चात उक्त स्कूल के सामने की कब्जायुक्त भूमि से कब्जा हटाने के आदेश तहसीलदार पिथौरा द्वारा पारित कर दिया गया।





तहसीलदार ने अपने आदेश में लिखा है कि हल्का पटवारी द्वारा ग्राम लाखागढ़, पहनं 10 तहसील पिथौरा के शासकीय आबदी भूमि, मद ख.नं. 110 रकबा 0.6000 हे. में से 0.029 हे. भूमि पर अनावेदक सोमेश्वर पिता महादेव साकिन-लाखागढ़, अतिक्रमण किया गया है प्रतिवेदन, अनावेदक के जवाब से स्पष्ट होता है कि अनावेदक द्वारा वादभूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना रहा है। अनावेदक के विरूद्ध छगभूरा संहिता 1959 की धारा 248(1) के तहत 1000 रुपए अर्थदंड आरोपित कर अतिकमित भूमि से बेजा कब्जा हटाए जाने का आदेश पारित किया जाता है। प्रकरण में अनावेदक द्वारा धारा 52 (1) के तहत आवेदन पेश किया गया है। पूरे मामले की शिकायत करने वाले पोमल एवं तारेश ने इस प्रतिनिधि को बताया कि क्षेत्र के पटवारी द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान सरकारी स्कूल की जमीन में बन रही दुकानों को मकान बताकर उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे है। पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर पटवारी पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# गौरव पथ निर्माण में हरे भरे पेड़ों की कटाई, पुनःरोपित करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

पिथौरा नगर पंचायत द्वारा मुरई धोवा नाला से लहरौद पड़ाव तक गौरव पथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। प्रथम चरण में हरे भरे पेड़ों की कटाई का काम शुरू हो चुका है। हरे भरे नैसर्गिक वृक्ष साथ ही नगरवासियों द्वारा रोपित वृक्षों की कटाई के समाचार की जानकारी मिलते ही ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए विरोध दर्ज किया है। पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रीन केयर के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र गुप्ता से बात कर इसे तत्काल रोकते हुए वृक्षों को जड़ मिट्टी समेत उखाड़कर अन्यत्र स्थानांतरित कर पुनःरोपित करने की मांग की।

बातचीत के दौरान डॉ पाणिग्राही ने कहा कि पुनःरोपित की प्रक्रिया दुर्ग, भिलाई, कुम्हारी में सफलता पूर्वक की जा चुकी है। हाल ही में महासमुंद के बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग में ओवरब्रिज की जद में आ रहे 25 स्वस्थ वृक्षों को शिफ्टिंग करने का कार्य शुरू हो चुका है। अतः पर्यावरण की इतनी बड़ी क्षति न करें। पाणिग्राही ने कहा कि मैने स्वयं इस कार्य के लिए फील्ड प्रशिक्षण लिया है। दुर्ग में 200 से अधिक वृक्षों के स्थानांतरण एवं पुनःरोपित करने में भी सहयोग दिया है। दुर्ग का परिणाम 95%, सक्सेस है। महासमुंद बेलसोंडा के 25 वृक्षों को चिन्हित करने से लेकर प्रथम अर्जुन वृक्ष को पुनःरोपित करते तक मैं 2 दिन तक मैदान में डटा रहा। पिथौरा में भी आवश्यकता पड़ी तो मैं अपने ज्ञान अनुभव एवं प्रशिक्षण का निस्वार्थ निशुल्क सेवा देने अग्रसर हूं। हमारा एकमात्र उद्देश्य है, पर्यावरण नुकसान न हो। पेड़ पौधे हरियाली बचे। प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे। साथ ही देश में अनेक स्थानों में ट्री ट्रांसप्लांट करने वाले प्रोफेशनल विशेषज्ञ का पता भी मेरे पास है। यदि पालिका चाहेगी तो हम उन्हें भी बुलाएंगे। सीएमओ गुप्ता ने कहा कि मैं अभी बाहर हूं। 31 दिसंबर को आऊंगा तो बात करेंगे। मैने निवेदन किया आपके आते तक वृक्ष नहीं कटना चाहिए। सीएमओ गुप्ता ने वादा किया कहा है नहीं कटेंगे।





# वीर बाल दिवस पर लोगों को पुलाव और शरबत का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु गोविंद सिंघ के चारों साहिबज़ादों की शहादत को समर्पित करते हुए वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। शहादत दिवस को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने भी सिख समाज के साथ मनाया। इस अवसर पर बुधवार को शहर के नेहरू चौक में नागरिकों में पुलाव और शरबत वितरित किया गया।

नपाध्यक्ष ने कहा कि मातृभूमि एवं धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर देने वाले गुरु गोबिंद सिंग के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और फ़तेह सिंह व माता गुजरी के त्याग एवं समर्पण को सादर नमन करती हूं। बाल दिवस कार्यक्रम में उनके साथ समाज के अध्यक्ष व समाजसेवी जसबीर मक्कड़, लता चंद्राकर, अरिश अनवर, गुरुमीत चावला, उदम सिंघ, गुरमीत चावला, प्रकाश अजमानी, रंजीत मक्कड़, सोनू चावला, राजिंदर कौर, सविंदर कौर, सगनजोत सिंघ, रोहित गुरुदत्ता, यश चावला, गगनजोत सिंघ सहित सिख समाज के पदाधिकारी और युवा मौजूद रहे।



# सांसद साहू का नगर आगमन पर हुआ स्वागत

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के लिमगांव एवं पैकिन में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के दौरान महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू का सरायपाली रेस्ट हाउस में आगमन हुआ। नगर आगमन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, रामलाल चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छतर सिंह नायक, जिला मंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपेंद्र चौधरी, संजय डडसेना, पार्षद गुंजन अग्रवाल, हितेश यादव, मंत्री प्रधान, मंडल उपाध्यक्ष आशीष दास, कन्हैया पटेल, नेपाल बीसी, युवराज प्रधान, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रमोद सागर, सांसद प्रतिनिधि आशीष सेन, मुरली नायक, युवराज गोस्वामी, गजेंद्र ठाकुर, आयुष साहू, अभिनय शाह, रिंकू पटेल, वीरेंद्र पटेल, खीरेंद्र पटेल, किशन जयसवाल, इकबाल खान, जेपी साहू, नकुल चौहान आदि उपस्थित रहे।





## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने की विधायक से मुलाकात

**महासमुंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद के सदस्यों द्वारा निर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से उसके कार्यालय में मुलाकात कर स्वागत किया। इस दौरान सदस्यों ने अनिवार्य शिक्षा की राशि प्रतिवर्ष मार्च तक भुगतान शासन द्वारा कराए जाने की मांग की तथा अनिवार्य शिक्षा की राशि छात्र की राशि बढ़ाने की मांग की। जब से अनिवार्य शिक्षा के अधिनियम लागू है तब से दी जाने वाली राशि 12 वर्षो से नहीं बढ़ाई गई है। जिससे संचालन में आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ा रहा है। उक्त राशि बढ़ाने की मांग की गई। विधायक ने धैर्यपूर्वक समस्या से अवगत होकर शासन स्तर पर चर्चा करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, अध्यक्ष मनोहर महंती, सचिव एमआर विश्वनाथन, सहसचिव राकेश श्रीवास्तव, सदस्य एमएल रजक, महेंद्र जैन (प्रदेश प्रतिनिधि), राहुल चंद्राकर उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**सरायपाली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के साथ ही अन्य दिवस में विकासखंड सरायपाली में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर चालू किया जा रहा है। चूंकि, विकासखंड में सिर्फ 69% लोगों का ही आयुष्मान कार्ड बना है एवं बचे हुए हितग्राहियों को 25 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड बना कर दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। अब स्वास्थ्य विभाग नए नारे आयुष्मान कार्ड को जानें समझे और तुरंत कार्ड बनवाए के साथ प्रत्येक गांवों में शिविर आयोजित कर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव व कोटवार के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने छूटे हुए चिन्हांकित परिवारों से संपर्क कर उन्हें शिविर स्थल तक लाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। हमें आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता तब समझ में आता है जब परिवार का कोई सदस्य दुर्घटना का शिकार हो जाता है और उनके पास ईलाज के लिए रकम नहीं होता है और व्यक्ति सेठ साहूकार के पास जाकर कर्ज लेता है या घर के सामान को गिरवी रखना पड़ता है। शासन की मंशा है कि इस तरह की परिस्थिति निर्मित ना हो। इसलिए अब एपीएल कार्डधारी को 5 लाख व बीपीएल कार्डधारी को 10 लाख की रुपए की मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचकर निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का निःशुल्क वितरण किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था आयुष्मान कार्ड वितरण के दौरान किसी भी प्रकार के राशि की मांग किया जाता है तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी से तत्काल संपर्क करें। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

